प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 10.05.2025 (दोपहर–1455 बजे)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, रक्षा प्रमुख और तीनों सैन्य प्रमुखों के साथ बैठक की। प्रधानमंत्री आवास में हुई इस बैठक में भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव को लेकर चर्चा हुई। रक्षा मंत्री ने पाकिस्तान द्वारा किए जा रहे मिसाइल–ड्रोन हमले को भारतीय सेना द्वारा नाकाम किए जाने और भारत द्वारा पाक के कई एयर बेस तथा ठिकानों को तबाह करने की जानकारी से प्रधानमंत्री को अवगत कराया।

****************

भारतीय सेना ने पाकिस्तान की कार्रवाइयों के जवाब में उसके तकनीकी बुनियादी ढांचे, कमान और नियंत्रण केंद्र, रडार साइटों और हथियार भंडारण क्षेत्रों सहित सैन्य ठिकानों पर सटीक हमले किए हैं। भारतीय लड़ाकू विमानों ने पाकिस्तान के रफीकी, मुरीद, चकलाला, रहीमयार खान जैसे सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया। आज नई दिल्ली में ऑपरेशन सिंदूर पर एक विशेष प्रेस वार्ता में विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने भारतीय सशस्त्र बलों की कार्रवाई के बारे में जानकारी दी। वहीं, कर्नल सोफिया कुरैशी ने बताया कि पाकिस्तान ने श्रीनगर से लेकर छलिया तक 26 से अधिक स्थानों पर हवाई मार्ग से घुसपैठ की कोशिश की और उधमपुर, भुज, पठानकोट, बठिंडा में वायुसेना के ठिकानों को आंशिक नुकसान पहुंचाया।

विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा कि पाकिस्तान की उकसाने वाली कार्रवाई तनाव बढ़ाने वाली है और भारत ने इसका संयमित तरीके से जवाब दिया। श्री मिसरी ने धार्मिक स्थलों पर मिसाइल हमलों के पाकिस्तान के दावों को भी निराधार बताते हुए खारिज कर दिया।

****************

सरकार ने सभी मीडिया चैनलों को सलाह जारी की है कि वे सामुदायिक जागरूकता अभियान के अलावा अपने कार्यक्रमों में नागरिक सुरक्षा हवाई हमले के सायरन की आवाज़ का इस्तेमाल न करें। गृह मंत्रालय ने अपने बयान में कहा कि सायरन के नियमित इस्तेमाल से हवाई हमले के सायरन के प्रति नागरिकों की संवेदनशीलता कम हो सकती है और नागरिक वास्तविक हवाई हमलों के दौरान इसे सामान्य बात समझ सकते हैं।

****************

राज्य के सभी सरकारी अस्पतालों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। इसके तहत 291 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, 171 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और चार हजार तीन सौ आयुष्मान आरोग्य मंदिर शामिल हैं। स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने बताया कि अस्पतालों में सीसीटीवी कैमरे लगने से स्वास्थ सेवाओं में और सुधार होगा।

****************

गढ़वा को नशामुक्त जिला बाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। और ब्यौरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

****************

झारखंड उच्च न्यायालय में बारह मई से छह जून तक ग्रीष्मावकाश के दौरान जरूरी मामलों की सुनवाई के लिए एक बेंच बैठेगी। इसके तहत मई में तेरह, पन्द्रह, बीस, सताईस और उनतीस तारीख तथा जून में तीन और पांच मई को सुनवाई होगी।

****************

पलामू, गढ़वा और लातेहार में केंद्र और राज्य सरकार के विभिन्न परियोजनाओं के निर्माण कार्य की सुरक्षा को लेकर नोडल पदाधिकारी नियुक्त किए जाएंगे। पलामू के जोनल आईजी सुनील भास्कर ने बताया कि नोडल पदाधिकारी प्रतिदिन निर्माणकार्यों से संबंधित सुरक्षा की समीक्षा करने के साथ वरीय पदाधिकारियों से जानकारी साझा करेंगे।

****************

चतरा जिला के गंधरिया में चतरा–चौपारण मुख्य मार्ग पुर एक बस के अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराने से बीस से ज्यादा यात्री घायल हो गए। सभी घायलों को सदर अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। फिलहाल सभी घायलों की स्थिति बेहतर है।

********समाप्त*********